केएन बक्शी कॉलेज में सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला

बेंगाबाद| मंगलवार को केएन बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार हॉल में एक सप्ताह तक चलने वाली सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला के द्वितीय दिन में प्रश्न कौशल की कक्षा डॉ सुरेश यादव ने लिया। कार्यशाला में डॉ सुरेश यादव ने प्रश्न कौशल के बारे में प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को बताया । कार्यशाला में सभी प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को अलग अलग ग्रुप में विभाजित किया गया व अभ्यास पाठ योजना एक-एक करके सभी ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में संपन्न किया। माइक्रो टीचिंग को सफल बनाने में आईक्यूएसी समन्वयक विनोद कुमार सुमन, डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ शंकर सिंह, डॉ सुरेश यादव, प्रो मदन कुमार, प्रो नीलेश लकड़ा, प्रो नूतन शर्मा एवं सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।